दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 172 मुरादाबाद 17 October 2022 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## एटा में सीएम योगी बोले- अब माफियाओं से नहीं विकास से है यहां की पहचान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा को 419 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज एटा की पहचान किसी माफिया के नाम पर नहीं बल्कि विकास से होती है। अपराधी और माफिया जब किसी व्यवस्था में हावी होते हैं तो विकास के काम में घुन का काम करते हैं। सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जिस तरह से काम कर रही है, यह अनवरत ऐसे ही चलता रहेगा। सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ विकास योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को एटा में विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण, विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरण समारोह शामिल हुए। कार्यक्रम में सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन और पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी भी प्रदान की। इससे पहले उन्होंने एटा के जवाहरपुर तापीय विद्युत परियोजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों से उसकी प्रगति के बारे में गहनता से चर्चा की।


### एटा का घंटा राम मंदिर परिसर से विदेश भर में सनातन हिंदू धर्म के डंके की आवाज को पहुंचाएगा

सीएम योगी ने कहा कि एटा की एक अपनी पहचान होगी, यह कभी कोई नहीं सोचता था। आज मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्यक्रम अंतिम चरणों में चल रहा है। वहीं एटा के जलैसर के घंटे देश और दुनिया के अंदर हर धार्मिक अनुष्ठान में जब बजते हैं तो एटा और जलैसर का स्मरण हर व्यक्ति कर पाता है। बिना घंटी बजे कोई अनुष्ठान पूरा नहीं होता है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के तहत एटा के सभी उत्पादों को जोड़ा गया है। मुझे बताया गया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए एटा में भव्य घंटा बन रहा है, जो मंदिर परिसर में लगने के बाद देश ही नहीं विदेश भर में सनातन हिंदू धर्म के डंके की आवाज को पहुंचाएगा। सीएम ने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में इसी संकल्प के साथ हम सबको जोड़ने का काम किया है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष की यात्रा में भारत पर शासन करने वाली ब्रिटिश हुकूमत को पछाड़कर दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बनने को दर्शाया गया, जो देश की प्रगति की एक नई कथा को बताती है।

### एटा में खुलेगा स्किल्ड डेवलपमेंट सेंटर

सीएम योगी ने कहा कि आज देश का विकास काफी तेज गति से हो रहा है जो इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की एक नई कहानी को गढ़ता है। वहीं बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। आपने देखा होगा कि कोरोना काल खंड में पूरी दुनिया पस्त थी, दुनिया के विकसित देश कोरोना महामारी के सामने पूरी तरह पस्त हो चुके थे, लेकिन भारत दुनिया के अंदर एक मात्र ऐसा देश था जो अपने देश की जनता के जीवन और उसकी जीविका को भी बचाने का कार्य कर रहा था। पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा था। देश में फ्री में टेस्ट, वैक्सीन, खाद्यान्न की सुविधा हर गरीब तक पहुंचाने के काम युद्धस्तर पर चल रहे थे। देश में 80 करोड़ को फ्री खाद्यान्न जबकि प्रदेश में पंद्रह करोड़ लोगों को माह में दो बार फ्री खाद्यान्न डबल इंजन की सरकार ने उपलब्ध कराया। इतना ही नहीं दो सौ करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज देश में जबकि प्रदेश में 39 करोड़ वैक्सीन की डोज फ्री में उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किये जा रहे हैं। वहीं समाज के हर तबके की निराश्रित महिलाओं, वृद्धा, दिव्यांग को युद्धस्तर पर समय से पेंशन देने का काम किया जा रहा है। जहां पहले पेंशन तीन सौ रुपये थी इसे बढ़ाकर एक हजार रुपये करने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया है। सभी पात्रों को प्रधानमंत्री आवास देने का काम किया जा रहा है। बेटी के जन्म लेने से लेकर उसके बड़े होने तक मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बेटी के विवाह योग्य होने पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से शादी कराई जा रही है। युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए अभ्युदय कोचिंग का संचालन किया जा रहा है।

## गैस बहुत महंगी हो गई, दुनिया भर में कोयले की फिर होने वाली है वापसी: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच गैस बहुत महंगी होने के कारण कोयला एक बार फिर वापसी करने जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि पश्चिमी दुनिया के देश फिर से कोयले की ओर बढ़ रहे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( आईएमएफ ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिकी आई हुई हैं। उन्होंने कहा, %पश्चिमी दुनिया के देश कोयले की ओर बढ़ रहे हैं। ऑस्ट्रिया पहले ही यह कह चुका है और आज वे कोयले की ओर लौट रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों ने कई प्रतिबंध लगाए हैं, जिसके चलते यूरोप को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में तेजी से कटौती हुई है। ऐसी स्थिति में उनके लिए वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों की तलाश जरूरी हो गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन में भी एक पुराने ताप-बिजली संयंत्र को उत्पादन के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है।

### कई देश कोयले की ओर कर रहे वापसी

सीतारमण ने कहा, वास्तव में वह खुद को एक ताप इकाई के लिए फिर से तैयार कर रहा है। इस तरह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई देश ( कोयले की तरफ ) वापसी कर रहे हैं। कोयला अब वापस आने वाला है, क्योंकि मुझे लगता है कि गैस का खर्च अब उठाया नहीं जा सकता है... या फिर गैस उतनी उपलब्ध नहीं है, जितनी जरूरत है।%

### जरूरत के मुताबिक गैस नहीं मिल रही तो...

वित्त मंत्री ने कहा कि यूरोप ने सही निर्णय लिया है और अगर उन्हें जरूरत के मुताबिक गैस नहीं मिल रही है, तो अन्य स्त्रोतों की तलाश करनी ही होगी। वहीं, सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद को मजबूत बताते हुए कहा कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती के बावजूद भारतीय रुपया में स्थिरता बनी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में भारत में मुद्रास्फीति कम है और मौजूदा स्तर पर उससे निपटा जा सकता है।

## महादेव के इस मंदिर में होता है कई बीमारियों का इलाज, दिलचस्प है मंदिर का इतिहास



कहते हैं काशी महादेव की नगरी है जहां खुद महादेव वास करते हैं। वैसे तो वाराणसी काशी विश्वनाथ धाम के लिए प्रसिद्ध है लेकिन वाराणसी में और भी कई मंदिर हैं जो उतने ही दिव्य हैं। ऐसा ही महादेव का एक मंदिर है मृत्युंजय महादेव मंदिर। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और दरनगर से कालभैरव मंदिर के रास्ते में स्थित है। यहां एक प्राचीन कुआं है जिसका धार्मिक महत्व है और ऐसा माना जाता है कि इसका पानी कई बीमारियों का इलाज करता है। मंदिर सुबह चार बजे खुल जाता है और देर रात 12 बजे बंद हो जाता है। आरती का समय सुबह 5.30 बजे, शाम 6.30 बजे और रात 11.30 बजे है। पूरे भारत से लोग यहां आते हैं और अपनी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए मृत्युंजय पाठ करते हैं। मंदिर के परिसर में एक प्राचीन कुआँ है जिसे कूप भी कहा जाता है। कहा जाता है कि इस कुएं के पानी का मानव पर चिकित्सीय प्रभाव पड़ता है। यह माना जाता है कि इसमें कई भूमिगत जल धाराओं का मिश्रण है और कई बीमारियों को ठीक करने के लिए इसका चमत्कारी प्रभाव है। चमत्कारी कुएं के पीछे एक और कहानी यह है कि धन्वंतरि卐 ( आयुर्वेद के पिता ) ने अपनी सारी दवा उस कुएं में डाल दी है, इसलिए इस कुएं का पानी पवित्र है और औषधीय प्रभाव के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के इलाज में सक्षम है

# प्रेमी से मिलने आई इंदौर की महिला दोनों आपस में प्रेमी प्रेमिका थे पहले किया शराब का सेवन, प्रेमिका,ने काटी हाथ की नास

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- गांधी पार्क थाना क्षेत्र के रुबी होटल में ठहरे थे दोनों पति-पत्नी बनकर रुके थे होटल में पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि प्रेमी प्रेमिका ने होटल में पति पत्नी बनकर कमरा बुक कराया था 7 प्रेमी ने कोटा तो प्रेमिका ने इंदौर की आईडी प्रूफ लगाया था कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने सच उगल दिया नशे की हालत में प्रेमी प्रेमिका में विवाद हुआ था प्रेमीका अपने प्रेमी से मिलने आई थी अलीगढ़ होटल मालिक की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है प्रेमी प्रेमिका को शांति भंग में पाबंद किया गया है गांधी पार्क बस स्टैंड के पास रूबी होटल में प्रेमी प्रेमिका ने हाईवोल्टेज ड्रामा कर दिया प्रेमी से झगड़े के बाद प्रेमिका,ने हाथ की नस काट ली दोनों नशे की हालत में थे इंदौर की प्रेमिका प्रेमी से मिलने अलीगढ़ आई थी पुलिस ने प्रेमी प्रेमिका को शांतिभंग में पाबंद किया है

इंदौर निवासी एक महिला की ढाई साल पहले जीवनगढ़ निवासी एक युवक से मुलाकात हो गई दोनों की नजदीकियां बढ़ी तो प्रेम संबंध हो गए प्रेमिका इंदौर से अलीगढ़ प्रेमी से मिलने आ गई यहां रूवी होटल में कमरा बुक कर दिया प्रेमी भी होटल में पहुंच गया रात में दोनों ने शराब का सेवन किया देर रात किसी बात को लेकर प्रेमी प्रेमिका के बीच झगड़ा हो गया बात इतनी बढ़ गई कि प्रेमिका कमरे से बाहर आ गई गाली गलौज करते हुए हंगामा शुरू कर दिया इतना ही नहीं ब्लेड से हाथ की नस काट ली होटल स्टाफ ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर दिया पुलिस प्रेमी प्रेमिका को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल ले गई वहां नशे की हालत में प्रेमिका ने पुलिस कर्मियों से गाली गलौज कर डाली

# दीवार गिरने से बच्चे की मौत पिता घायल



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती थाना मल्हीपुर चौकी क्षेत्र बदला के ग्राम पंचायत बैजनाथपुर महिपात पुरवा मैं एक 7 साल का नवजात बच्चा तीन बच्चों के साथ में अपने आंगन में खेल रहे थे तभी कच्ची दीवार का मलबा गिरने से एक बच्चे की दबकर मौत हो गई और साथ में खेल रहे 2 बच्चे वहां से हट गए थे दीवार गिरने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजन ने देखा तो कृष्णा यादव दीवाल के नीचे दबा हुआ था तभी लोग दीवाल को हटाकर बच्चे को बाहर निकाला और स्थाई हॉस्पिटल ममता में ले जाया गया ममता हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने तुरंत जिला हॉस्पिटल बहराइच रेफर कर दिया बहराइच पहुंचे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हम आपको बता दें कि कृष्णा यादव पिता गजराज यादव आज करीब 10 बजे अपने घर के आंगन में अपने साथियों के साथ खेल रहा था तभी आंगन में बनी कच्ची दीवाल गिरने से सभी बच्चे भाग गए सिर्फ एक बच्चा दब गया दिवाली गिरने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजन तो देखा बच्चे के ऊपर दीवाल का एक बड़ा मलवा पढ़ा हुआ था। बच्चे को बाहर निकाला तो काफी खून बह चुका था आनन-फानन में बदला चौराहा स्थित ममता हॉस्पिटल में ले जाया गया डॉक्टरों ने जवाब देते हुए रेफर कर दिया और रास्ते में बच्चे ने दम तोड़ दिया

# कौड़ियागंज में मुख्य बाजार की उखड़ी पड़ी सड़क व पुलिया को जल्द बनवाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने किया हंगामा व बाजार बंद

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-अकराबाद - बीते पंद्रह दिनों से कौड़ियागंज के मुख्य बाजार की सड़क उखड़ी पड़ी है। कस्बा के व्यापारी कई दिनों से इस सड़क को जल्द बनवाने की मांग कर रहे थे। इसी बीच कर्मचारियों ने नगर पंचायत के सामने होकर कस्बा के मुख्य बाजार को जाने वाली सड़क पर बनी पुलिया को भी सुबह तोड़ दिया। सड़क अभी बनी नहीं, पुलिया को भी तोड़ दिया गया। यह देख कस्बा के दुकानदारों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया उन्होंने बाजार बंद करते हुए हंगामा कर दिया। दुकानदारों का कहना था कि नगर पंचायत ने सड़क बनवाने के नाम पर इसे पंद्रह दिन पहले उखड़वा दिया है। दीपावली का त्योहार नजदीक है। उखड़ी हुई व ऊबड़खाबड़ सड़क को देख गांव देहात का ग्राहक बाजार नहीं आरहा है। दुकानदारी पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। रविवार की सुबह कर्मचारियों के द्वारा मुख्य बाजार की ओर बनी सड़क पर पुलिया उखड़ी देख बाजार के सभी दुकानदार आक्रोशित हो गये और बाजार बंद कर हंगामा शुरू कर दिया। बाजार बंद व हंगामे की सूचना जिला मुख्यालय पहुंची तो एसडीएम कोल संजीव ओझा कस्बा कौड़ियागंज आ गये।एसडीएम व चेयरमैन इरफान खां पहलवान ने आक्रोशित व्यापारियों को समझाबुझाकर शांत किया उन्होंने कहा पुलिया को किसने उखाड़ा है उनके संज्ञान में नहीं है। फिर भी वह इसकी जानकारी करायेंगे। एसडीएम संजीव ओझा एवं चेयरमैन इरफान खां पहलवान ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया है। सोमवार से सड़क पर मेटेरियल डलवा कर रोड रोलर द्वारा समतल कराने का काम शुरु करा दिया जायेगा दीपावली के बाद सड़क को डाबर कर काला कराया जायेगा। एसडीएम के आश्वासन पर दुकानदारों ने दोपहर बाद अपनी अपनी दुकानों को खोल दिया। इस दौरान कमल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन कुलदीप लोधी, बिट्टू बार्ष्णेय, अभिषेक अग्रवाल, देवेश बार्ष्णेय,गिरीज सिंह बाबा संजय शर्मा, योगेश शर्मा, मनोज बार्ष्णेय, अखिलेश महाजन आदि लोग थे। फोटो कस्बा कौडियागंज मे बंद बाजार को खुलबाने के लिए व्यापारियों से बातचीत करते एसडीएम संजीव ओझा एवं चेयरमैन ईरफान पहलवान

# बाइक की ठोकर से वृद्ध घायल

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - श्रावस्ती थाना क्षेत्र मालीपुर के अंतरगत साप्ताहिक बाजार से सामान खरीद कर वापस घर जा रहे वृद्ध को बाइक सवार ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। थाना मल्हीपुर के प्रतापपुर निवासी हसन मोहम्मद( 60 ) पुत्र नजर मोहम्मद रविवार की दोपहर को बनगई स्थित साप्ताहिक बाजार से घरेलू सामान खरीदकर वापस घर जाते समय पोखरा कुटी के पास इसी थाना के मोगला निवासी मुन्नालाल व सुधीर कुमार की बाइक ने वृद्ध को ठोकर मार दी। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणो की मदद से घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# राप्ती नदी, की कटान से भारत नेपाल सीमा पिलर को खतरा

## राप्ती नदी के कटान से सैकड़ो बीघा खेत नदी मे सम्माहित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -जमुनहा श्रावस्ती बाढ़ से तबाह हुई फसलो के बाद खेतो को राप्ती नदी कटान करती हुई निगल रही है। साथ ही कटान करती हुई नदी भारत नेपाल सरहद की ओर बढ़ती हुई दोनों देशों की सीमांकन व पिलर को निगलने को बेताब है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से पिछले सप्ताह आये बाढ़ से कलकलवा मार्जिनल बांध व भारत नेपाल सरहद के बीच तक स्थित लगभग एक दर्जन राजस्व गांवों के सैकड़ों हेक्टेयर खेतो मे लगे फसलो को राप्ती नदी ने तबाह कर दिया। खून पसीने की कमाई लगाकर खराब हुई फसलो को देखकर किसान अपनी फूटी किस्मत पर रोने के साथ परिजनों का पेट कैसे भरेगा यह सोचते हुए परेशान हो रहा था कि नदी का जलस्तर कम हो जाने के बाद सरहदी क्षेत्रो मे स्थित खेतो की कटान शुरू हो गई। सरहदी ग्राम पंचायत ककरदरी के दर्जनो किसानो की अब तक सैकड़ो बीघा खेत नदी मे समा चुकी है। बाढ से हुई फसलो की तबाही के बाद खेतो की कटान से किसानो की कमर टूट गई है।

खेत कट जाने से भविष्य मे बच्चो का पेट कैसे भरेगा। यह प्रश्न लोगो के सामने खड़ा हो गया है। राप्ती नदी तेजी से कटान करती हुई भारत नेपाल सरहद की ओर बढ रही है। सरहद पर लगे पिलर संख्या 640 से लगभग 5 मीटर व 641 से लगभग 10 मीटर की दूरी नदी से रह गई है। जिस तेजी के साथ राप्ती नदी कटान करती हुई सरहद की ओर बढ रही है उससे पिलर सहित दोनो देशो के सीमाकंन का क्षेत्र मिटने की आशंका बढ गई है। खेतो मे लगी फसल तबाह होने व अब कटान होने की जानकारी उच्चाधिकारियो से करने के बाद भी कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नही आया है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद/ आसपास
www.knlslive.com
17 October 2022


# लेडीज क्लब में दिवाली एवं करवा चौथ का उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-हमारी महिला संस्था द्वारा आज दिनांक 16.10.22 को लेडीज क्लब में दिवाली एवं करवा चौथ का उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसमें सभी महिला सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।करोना काल के बाद सभी महिलाएं काफी उत्साहित होकर अपनी अपनी प्रतिभा को सबके सामने प्रस्तुत करते नजर आई।उत्सव के दौरान हाउजी गेम , सरप्राइस क्वेश्चंस में सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रेंप वॉक के द्वारा करवा चौथ क्वीन में सदस्यों ने भाग लिया जिसमें से निर्णायक मंडल द्वारा करवा चौथ क्वीन चुनी गई ,।मान्सी टडनं द्वारा दिवाली पर्व पर किए गए नृत्य ने सभी का मन मोह लिया ।दिव्या एवं मिली द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। की अध्यक्षता नेहा मेह्रोत्रा ने की।सभी महिलाओं ने उत्साह से गले लग कर दिवाली कि बधाई दी एवं इस दिवालीएवं इस दिवाली इको फ्रेंडली दिवाली मनाने का भी निर्णय लिया गया जिससे प्रदूषण कम हो।कार्यक्रम को सफल बनाने में संजना भटनागर,स्नेहा शर्मा नीलम मिश्रा का योगदान रहा ।कार्यक्रम के दौरान नेहा गुप्ता ,मयूरी, अर्चना, पूनम ,हरप्रीत, मोनिका ,निधि, सोनिया, एकता जैन, साक्षी नागपाल, अनुभा, पूजा ,एकता, हेमा, अनामिका ,स्वाति, ईशा, पिंकी, रजनी, तृप्ता सिंह आदि मौजूद रहे

# मुरादाबाद में आर्यवीर सम्मेलन 2022 के कार्यक्रम में एक इकोफ्रेंडली स्टॉल लगाया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट मुरादाबाद द्वारा बुद्धि विहार मुरादाबाद में आर्यवीर सम्मेलन 2022 के कार्यक्रम में एक इकोफ्रेंडली स्टॉल लगाया गया आर्यवीर महासम्मेलन 2022 में एक ओर जहां धार्मिक पुस्तकें , चित्र , हवन सामग्री , धार्मिक सामग्री आदि स्टाल लगाए गए थे उसी में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा भी आमजन में प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु जागरूकता के लिए एक इकोफ्रेंडली स्टॉल लगाया गया।

इकोफ्रेंडली स्टॉल में केरल में नारियल द्वारा निर्मित गमले/ बैग के साथ ही इंडोर एवं औषधीय , सुगंधित सजावटी पौधों , जैविक खाद , कोकोपिट , वर्मी कंपोस्ट , की प्रदर्शनी भी लगाई गई। स्टॉल में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल , ब्रांड एंबेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल , संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल , कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप , कार्यक्रम संयोजिका डॉ महिमा गुप्ता , बाल प्रकृति प्रेमी यवन पाल , सविता, ज्योति ,नेहा , शिवानी , निशा, प्रियंका आदि का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में खेलों का हो रहा है निरंतर विकास : विधायक डॉक्टर के के ध्रुव

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-गौरेला पेंड्रा मरवाही-छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में खेलों का निरंतर विकास हो रहा है। यह उद्गार मरवाही विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने आज फिजिकल कॉलेज मैदान पेंड्रा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर व्यक्त किए। विधायक डॉ ध्रुव समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि खेलों से केवल खिलाड़ियों का मान सम्मान नहीं होता अपितु राष्ट्र और समाज के गौरव में वृद्धि होती है तथा राष्ट्रीयता के गुण विकसित होते हैं। उन्होंने समस्त खेलों के विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा असफल प्रतिभागियों को निराश न होकर पुनः उत्साह और जोश के साथ अपना प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्रारंभ हुए राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में राज्य भर के 14, 17 एवं 19 वर्षीय बालक-बालिका वर्ग के 1150 खिलाड़ियों ने चार खेल विधाओं-एथलेटिक्स, क्रिकेट, जिमनास्टिक एवं ताइक्वांडो में चार अलग-अलग खेल मैदानों में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। आज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर समस्त खेलों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि डॉ के के ध्रुव ने ध्वजातरण, हस्तांतरण एवम समर्पण के बाद प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर श्री अरुण सिंह चौहान, अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव, जिला पंचायत बिलासपुर के उपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर श्याम एवम सदस्य, श्रीमती पुष्पेश्वरी तंवर, नगर पंचायत अध्यक्ष पेंड्रा श्री राकेश जालान, जनपद पंचायत अध्यक्ष पेंड्रा श्रीमती आशा मरावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मरवाही श्री प्रताप सिंह मरावी, जिला पंचायत ( डीआरडीए ) के परियोजना निदेशक श्री आरके खूटे एवं अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व )पेंड्रा रोड श्री पुष्पेंद्र शर्मा उपस्थित थे। संयुक्त कलेक्टर श्री आनंद रूप तिवारी ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजन समिति की ओर से स्वागत भाषण दिया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एन के चंद्रा ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन समारोह में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, कोच, व्यायाम अनुदेशक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुरादाबाद 6 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक उत्सव समारोह

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-परिवर्तन 卐दी चेंज卐 संस्था ने 6 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं जिसके उपलक्ष्य में संस्था ने अपना वार्षिकोत्सव आभार-2022 के रूप में 16 अक्टूबर, 2022, दिन- रविवार को पंचायत भवन सभागार में मनाया हैं। जिसमें संस्था ने अपने वार्षिक कार्य, गतिविधियों को सभी के साथ साझा किया व वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शैलेंद्र कुमार सिंह जी जिला अधिकारी मुरादाबाद, विशिष्ट अतिथि वी एन यादव अपर आयुक्त मुरादाबाद उपस्थित रहे। संस्था ने जिनसे समाज़ में उत्कृष्ट कार्यो के लिए टीम के चुनिंदा सदस्यों चेंज मेकर ऑफ द ईयर आदित्य कुमार , वालंटियर ऑफ द ईयर नंदिनी रस्तौगी, कोऑर्डिनेटर ऑफ द ईयर मानसी मेहरोत्रा , बेस्ट ब्रांच ऑफ द ईयर काशीपुर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पा8शाला के बच्चों द्वारा व कम्प्यूटर सीखने वाली पंथिनियो द्वारा प्रस्तुति दी गई साथ ही मुरादाबाद के चुनिंदा मीडिया कर्मियों व पार्टनर्स को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह जी, सी ए अभिनव अग्रवाल जी, मुकेश चंद्र भारद्वाज जी, विशेष गुप्ता जी, भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजू कालरा जी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अरुण पंडित जी, श्री हरकेश सिंह जी,मीनू मेहरोत्रा जी, रवि टंडन, पूनम चौहान जी, अनामिका त्रिपाठी जी, अनुपमा साण्डलिया जी, गोपी जी,सहित मुरादाबाद के अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे व संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार सहित संस्था के सभी शाखाओ के पदाधिकारी, स्वयंसेवक उपस्थित रहे

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Court divided on hijab

We have only one country. There is a constitution. There is one law for all. The court system is also similar, but the judgments of the two Supreme Judges, on the same subject, are different, divided. Not surprisingly, there is a state of judicial uncertainty. The divided opinion of the judges may be based on different interpretations of the law, discretion and prerogatives of the judges. It was during this debate that the issue came to the fore that the courts should not interpret religious mysteries. The courts have been termed 'secular', so they cannot give their opinion on any one aspect of religion. This issue also emerged during the Ayodhya dispute. If the provisions of the Constitution are violated at any place, the intervention of the court is natural. After all, who will decide whether the court should refuse to hear the case on such religious issue or judicial review should be done in the matter? The Constitution Bench of the Supreme Court had also ruled on the Ram temple and had also given judicial interpretation on triple talaq. Legal decisions have been given on both, which are also applicable. Now what religious values ??and customs the issue of hijab is violating, the debate has emerged that the courts should not hear and interpret religious subjects. In which courts will religious disputes be heard? After all, disputes have to be settled by law, so who will interpret the law properly? There are also Muslim MPs, politicians, Maulana-Mufti, who have said that courts should not interfere in religious and Islamic matters like hijab. For them the Qur'an and the Prophet's decrees are 'final' and they will abide by them. The question is also whether such cases will be heard by 'Sharia courts'? Will they also be given constitutional validity? However, there is no decree in the Qur'an regarding wear and hijab. Only 'dignity' is mentioned, which applies to both men and women. This has been said by many Muslim scholars, including Islamic scholars like Kerala Governor Arif Muhammad Khan. We are not even the scholars of Quran and Islam, so our statement will be 'transcendence'. Now the interpretations given by MP Owaisi or SP MP Shafiqur Rehman Burke of Quran and Islam cannot be considered as 'Brahma-Vakya'. There is also a lot of disagreement on which verses he is quoting or calling the practice of non-hijab as 'vagrancy'. In the context of Karnataka itself, a section of girl students and women consider the hijab to be the 'dictation of the Quran', while another section is vehemently against the traditional religious dress like burqa, hijab, chadar etc. Iran is an Islamic country and wearing a burqa or hijab is a legal arrangement there. The violator is sure to be put in jail. Yet there has been widespread public revolt against the hijab. More than 210 women and others have been killed in police firing and more than 2000 agitators are in jail. Dhulia has ruled to quash that decision. Both the judges have interpreted their respective judicial discretion under Articles 14, 19(1)(a), 21 and 25 of the Constitution. No question on that, because now a new three-judge bench will hear the matter and it is certain that a definite verdict will come out. There are apprehensions that jihadi, fundamentalist elements may threaten to kill only the judges who listen to such religious issues. The government can provide them any level of security. The question is whether the judges will hear controversial and sensitive issues in such a situation? The question of abstention from hearing should also be considered.


# Father's beloved Vaishali earned a lot of fame, remained strong even after breaking the engagement, then finally X

Very sad news has come out about TV actress Vaishali Thakkar on Saturday. The 30-year-old young and talented actress embraced death at her Indore home. Vaishali has worked with many big brands from Star Plus to Colors, small screen brought her a lot of fame, but in the end life became so cumbersome for her that she decided to end it. Let us tell you who Vaishali Thakkar was, in which shows she has worked and what is the story behind her broken engagement, which has been covered in the media after her departure. Ujjain's Laughing Vaishali Born on July 15, 1993, Vaishali was a resident of Ujjain in Madhya Pradesh. For the last one year, she was living in her house in Indore, which was in Tejaji Nagar police station area. Vaishali started her acting career with Star Plus serial 'Yeh Rishta Kya Kehlata Hai'. She played the character of Sanjana in the serial, which got her a lot of popularity. Has won the award - Vaishali Thakkar was given the most fame by the serial 'Sasural Simar Ka'. In this show, she played the character of Anjali Bharadwaj. For this, she also won the Golden Petal Awards for 'Best Actress in a Negative Role'. Was very close to father - Vaishali Thakkar was very active on social media, she often posted her funny videos. The actress has also shared many posts for her father, which clearly shows that Vaishali was her father's darling. She remained strong even after the break-up - Vaishali Thakkar informed in April 2021 that she was engaged and She is now planning the wedding. The actress also shared a video of her roka on Instagram. He had told that his fiance's name was Dr. Abhinandan Singh, a dental surgeon living in Kenya. However, only a month after the engagement, the actress told ETimes that she has called off the marriage. Along with this, he also removed the video of Roka Ceremony. X harassed - Now after his suicide, his personal life is being scrutinized once again because his ex-lover is mentioned in the suicide note found from his house. According to the news of news agency ANI, the police have told that a diary has been recovered from Vaishali's room, in which her suicide letter has been found. It is written in the letter that Vaishali was harassed by her ex-lover, who lived in the neighborhood of the actress.



# MS Dhoni will make a film with these 2 stars of South, not Bollywood, will act himself!

The fans of Mahendra Singh Dhoni, the former captain of the Indian cricket team and known as Captain Cool, are always excited about the things related to him. Photos and videos of Dhoni are often viral on social media. Along with Dhoni, fans also shower a lot of love on his daughter Jeeva and wife Sakshi. Meanwhile, a news related to Dhoni has come to the fore, which will make cinema lovers happy to hear. MS Dhoni is preparing to make a film with two big stars of South Indian cinema. Dhoni with South Stars - Actually, according to media reports, Mahi is preparing to enter the field of cinema soon. It is being said that Dhoni will make his film debut in the South industry and in his first project, Dhoni has planned to cast South's superstar actors Thalapathy Vijay and Mahesh Babu. As a producer, Dhoni has also made preparations to cast actor Prithviraj Sukumaran from the Malayalam film industry and Kicha Sudeep from the Kannada industry in his film. Dhoni will also act himself! According to a report in CNBC News 18, a source associated with Dhoni's IPL team Chennai Super Kings said that Mahi himself may also be seen doing a cameo in Thalapathy Vijay's film.



# मुख्यमंत्री ने एसटीपी मानपुर व मेडीकल कॉलेज का निरीक्षण कर लिया जायजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मानपुर में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत योजना के अन्तर्गत एटा नगर पालिका परिषद शहर के सीवरेज योजना के तहत फेस-1 106.99 करोड़ का जनपद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की उपस्थिति में लोकार्पण किया। उक्त योजना तीन चरणों में हैं, जिसके तहत सीवरेज योजनायें फेस-।जिसमें जोन-3, फेस-2 जिसमें जोन-4 एवम् फेस-।।। जिसमें जोन-1 तथा जोन-2 सम्मिलित हैं। तीनों सीवरेज योजनाओं में से एक प्रथम फेस सीवरेज योजना पूर्ण की जा चुकी है, द्वितीय एवम् तृतीय फेस की सीवरेज योजना का कार्य प्रगति पर है।मुख्यमंत्री ने सीएण्डडीएस उ0प्र0 जल निगम नगरीय द्वारा निर्माणाधीन वीरांगना अवन्तीवाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। यह मेडीकल कॉलेज वर्ष 2019 में स्वीकृत हुआ, जिसके तहत परियोजना की कुल लागत 220.68 करोड़ है, जिसके सापेक्ष 201 करोड़ की धनराशि अवमुक्त हो चुकी है, तो वहीं 200 करोड़ की धनराशि व्यय हुई है। वर्तमान में मेडीकल कॉलेज का 91 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा अवशेष कार्य को 31 दिसम्बर 2022 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य से अध्ययनरत छात्र, छात्राओं के बारे में भी पूछताछ की तथा बेहतर सुविधाएं एवं वातावरण मुहैया कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिऐ !

# सोते से जागे अधिकारी टूटी सड़कों की मरम्मत जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एटा दौरा हैं तथा जवाहर तापीय योजना का निरीक्षण कर अधिकारियों के व पार्टी कार्यकर्ताओं से वार्ता करेंगें।तादोपरान्त मानपुर में जन कल्याणकारी परियोजनाओं की जानकारी देंगें एवं लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित करेंगें। है। इसी क्रम में वीरांगना अवंती बाई स्वशासी मेडिकल कॉलेज एटा की ओपीड़ी का कर सकते हैं निरीक्षण जिला स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की साँसे फूली नजर आती दिख रहीं हैं। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के पास कई दिन पहले आ चुका था लेकिन जिला प्रशासन व संबंधित विभाग अभी तक कुंभकरण की नींद में सोए हुए थे। मुख्यमंत्री के आने से पहले जीटी रोड जो कई वर्षों महीनों से टूटा पड़ा था और सभी माननीय नेता और अधिकारी उस रोड पर महात्मा गांधी के ~ की भांति निकल जाते थे उन्हें उस जीटी रोड की कोई दुर्दशा पर कोई चिंतन नहीं था, आज उसी जीटी रोड की मरम्मत जारी रही है। देखने को मिला है कि मुख्यमंत्री योगी के दौरे से पहले जीटी रोड पर पानी डालकर लाल पत्थर, मिट्टी, बालू डालकर रोलर से संबंधित विभाग मरम्मत करवा रहा है और रोड को डामर करके सब चकाचक कर दिया जाएगा जिससे मुख्यमंत्री को उस रोड पर निकलने में हिचकोले न खाने पड़ें। बता दें कि रोड बरसात में और बरसात से पहले पूर्व से क्षतिग्रस्त था। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद कांवड़ियों के लिए रास्ते में कहीं भी गड्ढे ना हों, रोड सही हो उसको लेकर के इस जीटी रोड को सही कराया गया था।

# मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक में एटा के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- मुख्यमंत्री ने निराश्रित गौवंश संरक्षण, सहभागिता योजना, जल जीवन मिशन, आवास योजना, स्वामित्व योजना एवं लम्पी वैक्सिनेशन की बिन्दुवार समीक्षा की (अवैध टैक्सी व बस स्टैण्ड के संचालन की समस्या का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाऐ )एटा !मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एटा में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हर सम्भव प्रयास किये जाएं। धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का समुचित विकास किया जाए। जनपद में निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ कलक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री जी ने समीक्षा के दौरान स्मार्ट फोन एवं टैबलेट वितरण, पीएम स्वनिधि योजना, अमृत सरोवर योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, गौवंश संरक्षण, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, कोविड-19 एवं लम्पी वैक्सीनेशन, स्वामित्व योजना, रोजगार सृजन के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सीएम ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में अधिकाधिक वेण्डर्स को जोड़ने के लिये शिविर लगाने के निर्देश दिये ताकि उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक को केवल समीक्षा तक सीमित न रखते हुए जनपद से सम्बन्धित सभी प्रकार की समस्याओं के बारे में शासन को लिखा जाए। यदि फिर भी समस्या हल नहीं होती है तो मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं। विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान मा0 मुख्यमंत्री ने विधानसभावार जनप्रतिनिधियों से स्थानीय समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए यूपी फ्री टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण कराये जा रहे हैं। पर्यावरण एवं जल संरक्षण की दशा में कराए जा रहे कार्यों के प्रति जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि नदियों को उनके वास्तविक स्वरूप में लौटाने के लिए मनरेगा से कार्य कराये जाएं। नदियों को अविरल एवं निर्मल बनाए रखने के लिए कोई कोर-कसर बाकी न रखी जाए। कचरा एवं गंदगी नदियों में न डाली जाए, इस कार्य को अभियान के तौर पर लिया जाए। औद्योगिक इकाईयां अपने कचरे एवं गंदे पानी के निस्तारण के लिए ईटीपी संयंत्र स्थापित करना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस एवं सीएम हैल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को मेरिट के आधार पर शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने के उपरान्त ही निस्तारित समझा जाएगा। विद्यालयों में नियमित रूप शैक्षणिक कार्य के साथ नवाचार कराए जाएं। लाउडस्पीकर के सम्बन्ध में जो कार्यवाही की गयीं हैं, ध्यान रखें कि पुन: लाउडस्पीकर न लगाए जाएं। थाना स्तर पर इसकी समीक्षा की जाए तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी फिक्स करें। अवैध टैक्सी एवं बस स्टैण्ड का निस्तारण किया जाए। केन्द्र सरकार द्वारा पुरोनिधानित जल जीवन मिशन महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें समयबद्धता व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निराश्रित गौआश्रय स्थलों का समुचित ढ़ंग से संचालन हो। गोशालाओं में हरा चारा, भूसा, दाना-पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहे। किसी भी दशा में गौवंश की चारा व इलाज के अभाव में मृत्यु नहीं होनी चाहिए। सड़कों पर गौवंश घूमता नजर नहीं आना चाहिए। नस्ल सुधार के साथ ही गौवंश को रखने की उचित व्यवस्था के साथ प्राकृतिक खेती से जोड़ने एवं आय अर्जन के साधन के रूप में नई तकनीक की सम्भावनाएं तलाशी जाएं। रोजगार सृजन की दिशा में मा0 मुख्यमंत्री जी ने रोजगार मेलों का आयोजन कर निजी उद्योग स्थापना के लिए अधिक से अधिक ऋण वितरण करने के निर्देश दिये। नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश को अधिकाधिक प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए निकायों को आत्मनिर्भर बनाए जाने के साथ ही राजस्व वसूली में तेजी लाने एवं जीएसटी की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। जनता को राहत पहुँचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। आपदा के समय प्रदेश सरकार पीड़ितों व प्रभावितों के साथ खड़ी है। बेमौसम हुई बरसात से फसलों के नुकसान का सर्वे राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कराया जा रहा है।वाई गई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जनपद एटा में राशन की 805 दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से राशन वितरण कराया जा रहा है। जनपद की नगर, ग्रामीण क्षेत्र की सभी दुकानों, आठ ब्लाक गोदाम पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। जनपद में एटा शहर से होकर ईशन नदी गुजरती है, जिसकी कुल लम्बाई 57 किलोमीटर के सापेक्ष 32 किलोमीटर की लम्बाई एवं एक अन्य काक नदी जिसकी लम्बाई कुल 18 किलोटर के सापेक्ष 14 किलोमीटर की लम्बाई में कार्य पूर्ण कराया है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूह द्वारा 190000 तिरंगा झण्डे बनाये गये। आजादी के अमृत महोत्सब की श्रृंखला में एटा खेल महोत्सब का आयोजन किया गया, जिसमें 09 खेलों के आयोजन में 4220 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अमृत सरोवर के तहत 115 अमृत सरोवर के लक्ष्य के सापेक्ष 106 अमृत सरोवरों का पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 4247 के लक्ष्य के सापेक्ष 5282 आवेदन प्राप्त हुए जिसके उपरान्त 5240 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 285492 लाभार्थियों को जून माह में 26.77 करोड़ की धनराषि हस्तांतरित की गई। निराश्रित गौवंश के तहत 90184 पशुगणना की गई, जिसमें 2568 के लक्ष्य के सापेक्ष 4876 गौवंशों को संरक्षित किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत जनपद में तीन ऐजेंसियां कार्यरत है, मार्च 2024 तक सम्पूर्ण कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। स्वीकृत आवेदन के सापेक्ष 26542 स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 375199 कृषकों 674.60 करोड़ रूपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया है। जनपद में 181 गौ आश्रय स्थलों में 27839 गौवंश संरक्षित हैं। स्कूल चलो अभियान के तहत 31367 लक्ष्य के सापेक्ष 51569 नवीन नामांकन कराया गया। आपरेशन कायाकल्प के तहत 1691 विद्यालयों में निर्धारित पैरामीटर पर 1586 विद्यालयों को संतृप्त किया जा चुका है।

# चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में 3 दिनों में आधा दर्जन की मौत, मौत का कारण अज्ञात

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है पिछले 3 दिनों में 7 लोगों की मौत हो चुका है, हीरा लाल देवांगन उपसरपंच महुली उम्र 55 वर्ष लगभग , बसरूप पंडो 53 वर्ष, मिरु राम खेरवार,72 वर्ष बलीराम यादव,63 वर्ष शिवबचन पंडो 57 वर्ष लगभग रामविसाले केवट 51 वर्ष लगभग,सुभित साकेत 50 वर्ष लगभग वहीं क्षेत्र में अधिकतर मौत अचानक हो रहे हैं जहां बुखार सर्दी मौसमी बीमारी जैसे कोई लक्षण नहीं दिखता है और खाना खाकर सोते है वहीं उनकी मौत हो जा रहा है वहीं बिहारपुर क्षेत्र में देखा जाए तो स्वास्थ्य विभाग के लचर व्यवस्था से आम आदमी परेशान है सितंबर 2017 बिहारपुर क्षेत्र में मौसमी बीमारी मलेरिया से 3 दर्जन से अधिक लोगों का मौत हुआ था जिसे देखते हुए तत्कालिक ग्राम पंचायत रसौकी, उमझर, कोल्हुआ, चौगा, महुली, कछवारी, जुड़वनिया, खोहिर, रामगढ़,तेलाईपाठ,लूल्ह,भूक्ष,बैजनपाठ,कलौटी जुड़वनिया,अंवतिकापुर सहित अन्य गांवों को देखते हुए ग्राम पंचायत महुली के पटवारी आवास में उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित कर यहां डॉक्टरों की पदस्थ किया गया था इसके बाद भी 2018-19 में दो दर्जन लोगों का नवजात शिशु सहित मौत हुआ था। वही 2020-21 में दर्जनों गांव को जोड़ने वाली रसौकी बिहारपुर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने से गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस से ले जाते वक्त रास्ते में लगभग 4 से अधिक नवजात शिशुओं की मौत हुआ था जहां की समाचार प्रशासन के बाद जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा तत्काल सभी ग्राम पंचायत में सर्वे कराकर 28000जनसंख्या को देखते हुए महुली उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र की दर्जा देने का आदेश जारी भी किया गया था वही तत्कालिक समाचार पत्रों में प्रकाशन भी किया गया था की उप स्वास्थ्य केंद्र महुली को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया गया लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुली अभी तक केवल कागजों में ही सिमट कर रह गया जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर लगभग 15 से 20 किलोमीटर दूर सफर तय कर जाना पड़ता है उप स्वास्थ्य केंद्र कभी तो खुलता है तो कभी तो डॉक्टर ही नहीं आते हैं जहां लगभग 1 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत के ग्रामीण इलाज कराने के लिए आते हैं और बिना इलाज कराने वापस चले जाते हैं वहीं बीते वर्ष नर्स डाक्टर ना होने से प्रसव दाई के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में इंजेक्शन लगाना एवं इलाज करना शुरू कर दी थी जहां इसका समाचार प्रकाशन होने के बाद तत्कालीन प्रसव वाले दाई को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर के प्रभारी द्वारा इलाज कर रही दाई को हटा दिया गया। वही उप स्वास्थ्य केंद्र महुली के नर्स की लापरवाही से कई बार तो उप स्वास्थ्य केंद्र के बाहर में ही प्रसव हो गया है इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग का टीम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है वही ग्राम उमापुर में शनिवार को कुएं में गिरने से बालक की मौत के बाद परिजनों द्वारा एंबुलेंस के लिए फोन करने के बावजूद भी एंबुलेंस ना मिलने से मोटरसाइकिल में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर पोस्टमार्टम के लिए लाया गया सूरजपुर जिले के उमापुर गांव में शनिवार को कुएं में गिरने से 8 वर्षीय बालक का मौत हो गया था जहां परिजनों द्वारा एंबुलेंस के लिए फोन किया गया लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने पर मृतक के पिता ने बाइक में ही पोस्टमार्टम कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर ले गए और पोस्टमार्टम के बाद ऑटो के माध्यम से शव को घर तक लाया गया आपको बता दें कि बिहारपुर क्षेत्र सीमावर्ती क्षेत्र होने से मध्यप्रदेश का नेटवर्क यहां बताता है जहां ग्रामीण एंबुलेंस के लिए फोन करते हैं तो उनका फोन कनेक्ट मध्यप्रदेश सिंगरौली में का नेटवर्क कनेक्ट होता है जहां उन्हें सरकारी एंबुलेंस का लाभ नहीं मिलता है वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर में खड़े 108 एंबुलेंस कभी तो मिलता है कभी तो नहीं मिल पाता है जहां मरीज काफी परेशान रहते हैं वहीं पूर्व कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह द्वारा बिहारपुर क्षेत्र के मरीजों की परेशानियों को देखते हुए मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले की कलेक्टर एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आपसी बैठक कर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने की सहमति बनाई गई थी जहां बिहारपुर क्षेत्र के मरीजों को जिला हॉस्पिटल बैढ़न में इलाज सुविधा कुछ दिनों तक मिला लेकिन कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह की स्थानांतरण होने की बाद अब वह भी सेवा ठप हो गया है जिससे क्षेत्र के मरीजों को या तो स्वयं वाहन बुक करके या तो मध्यप्रदेश के बैढ़न जाएंगे या तो लगभग 150 किलोमीटर दूर जिला हॉस्पिटल सूरजपुर जाएंगे वहीं क्षेत्र के मरीजों को मध्यप्रदेश के हॉस्पिटलों में आयुष्मान कार्ड के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे इनके इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चल रहा है खेलों का शानदार प्रदर्शन



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत गौरेला और पेंड्रा के 4 खेल मैदानों में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु के खिलाड़ियों द्वारा एथलेटिक्स, क्रिकेट, जिम्नास्टिक एवं ताइक्वांडो में शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज शैड्यूल के अनुसार फिजीकल कॉलेज मैदान पेंड्रा में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 14 वर्षीय बालक एवं बालिका के लिए 100 मीटर दौड़ एवं 80 मीटर बाधा दौड़, 17 वर्षीय बालक एवं बालिका के लिए 100 मीटर दौड़ एवं 110 मीटर बाधा दौड़, 17 एवं 19 वर्षीय बालक एवं बालिका के लिए हैमर थ्रो एवं 140 मीटर बाधा दौड़ और 19 वर्षीय बालक बालिका के लिए 100 मीटर दौड़ 110 मीटर बाधा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया इसी तरह गुरूकुल क्रीड़ा परिसर, माधव राव सप्रे स्टेडियम एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा के खेल मैदान में जिम्नास्टिक, क्रिकेट एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# अब्दुल कलाम की मनोवृति का 25 प्रतिशत भी अनुपालन करें ,तो आने वाले 5 सालों में भारत की तस्वीर बदल सकती है -सौम्या सिंह

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मेरठ- डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम की 91 वीं जन्मतिथि पर आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने 卐अब्दुल कलाम एक असाधारण व्यक्तित्व 卐 विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।लक्ष्य जिंदल ने इस संगोष्ठी को आरंभ करते हुए डॉक्टर कलाम के जीवन पर प्रकाश डाला, गार्गी ने अब्दुल कलाम द्वारा किए गए कुछ प्रमुख आविष्कारों जैसे कलाम राजू स्टंट, लाइटवेट कैलीपर्स, पोखरण - 2 और प्रोजेक्ट वेरिएंट की चर्चा की।सौम्या सिंह ने बोलते हुए कहा कि डॉ.कलाम सांप्रदायिक सौहार्द की प्रतिमूर्ति थे।उनके लिए भारत और भारत भूमि ही सबसे बड़ा धर्म था। कार्तिक सिंघल एवम गुंजन शर्मा ने बोलते हुए कहा कि डॉ.कलाम ने नौजवानों को प्रेरणादाई संदेश दिया कि सपनों में जान डालने के लिए कठिन परिश्रम और कर्तव्य निष्ठा होने अति आवश्यक है ,वही प्रकृति त्यागी ने बोलते हुए कहा कि अब्दुल कलाम का संपूर्ण जीवन हमें कुछ ना कुछ सीखने की प्रेरणा देता है। विषय पर बोलते हुए चिराग मेहरोलिया, चिराग बंसल, कनिष्का सागर के विचारों को भी पसंद किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ फैकल्टी शिवानी अग्रवाल ने किया।संस्थान के निदेशक डॉ संजीव माहेश्वरी तथा विभागाध्यक्ष डॉ राजीव शर्मा ने प्रतिभागियों को आगे बढ़ने एवं डॉक्टर कलाम के महान व्यक्तित्व से प्रतिपल कुछ नया सीखने की प्रेरणा दी।

**अन्य खबरों के लिए देखे**
**WWW.KNLSIVE.COM**

# "हमर बेटी हमर मान" "जागो जीपीएम" जागरूकता कार्यक्रम करने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरजा पहुंची जीपीएम पुलिस

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिकाओं युवतियों के सर्वांगीण विकास एवं सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए 卐हमर बेटी हमर मान卐 कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की गई है । इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही श्री यू उदय किरण के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा के मार्गदर्शन में दिनांक 14.10.2022 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरजा गौरेला




में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती झा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा लॉन्च किया गया अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया साथ ही साइबर अपराध, महिला संबंधित अपराध , दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, शारीरिक शोषण के संबंध में बताते हुए उनसे बचने के उपाय आत्मरक्षा कानूनी अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साइबर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक श्री मनोज हनोतीया के द्वारा साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिले में हो रहे साइबर अपराध के बारे में उपस्थित व्याख्यातागण एवं छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए साइबर फ्रॉड से सजग रहने कहां गया यातायात - उप निरीक्षक श्री अमरनाथ शुक्ला ने यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देते हुए छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का स्वयं पालन करने एवं परिजनों को पालन कराने कहां गया कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा विद्यालय को वॉलीबॉल किट प्रदाय किया गया जागो जीपीएम कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरजा गौरेला के प्राचार्य श्री पुष्प रंजन सिंह राज, व्याख्याता गण कार्तिक सिदार, श्री नारायण सिंह पोर्ते, श्री विमल रोहिणी, श्री सौरभ साहू , श्रीमती असीता श्रीवास, श्रीमती कविता नामदेव, श्रीमती मोहिनी तिवारी, श्रीमती दीपिका गुप्ता, श्री रावेंद्र मिश्रा एवं सहायक शिक्षक श्री दिनेश सिंह चौहान एवं महिला सेल गौरेला, यातायात गौरेला, रक्षित केंद्र जीपीएम की टीम उपस्थित रहे।

# कर्नलगंज के मशहूर छाबड़ा पुस्तक भंडार के संस्थापक कृष्ण सिंह छाबड़ा का निधन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित कस्बा कर्नलगंज के प्रतिष्ठित व कापी किताब के मशहूर व्यवसायी करीब 70 वर्षीय सरदार कृष्ण सिंह छाबड़ा पुस्तक भंडार का इलाज के दौरान निधन हो गया। मालूम हो कि एक दौर था जब कर्नलगंज कस्बे के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे के पास छाबड़ा पुस्तक भंडार पर कापी किताब का खरीदने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगती थी और कर्नलगंज में ही नहीं बल्कि गोंडा जिले में वह कापी किताब के मशहूर व्यवसायी माने जाते थे। खासकर नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने पर जुलाई



माह में तो छात्रों के साथ ही अभिभावकों की उनके यहाँ लम्बी लाइन लगती थी। कारण यह था कि उस दौर में पुस्तक भंडार नाम की एक मात्र यही दुकान हुआ करती थी और कस्बे में कन्हैयालाल इंटर कालेज, विवेकानंद, मिडिल स्कूल, दयानंद विद्यालय सहित अन्य कई स्कूलों के साथ ही ग्रामीण अंचलों के स्कूली छात्रों को पाठ्य सामग्री खरीदने इसी दुकान पर आना पड़ता था।कर्नलगंज ही नहीं बल्कि कटरा बाजार, हलधरमऊ और परसपुर क्षेत्र में भी छाबड़ा पुस्तक भंडार से ही पाठ्य सामग्री की सप्लाई होती थी। इतना ही नहीं छाबड़ा पुस्तक भंडार की इस दुकान पर छात्रों को पेन मे फ्री स्याही भरने की भी छूट रहती थी। उस दौर में उनकी दुकान पर भीड़ का आलम यह था कि सरल स्वभाव के लिए प्रसिद्ध सरदार जी अपनी दुकान पर बैठे रहते और केवल हिसाब जोड़ने और पैसे लेने से ही उनको फुर्सत नहीं मिलती थी। बताया जाता है कि सरदार जी इन दिनों लखनऊ में रहकर अपना इलाज करा रहे थे और इलाज के दौरान ही उन्होंने बीती रात्रि में अंतिम सांस लेकर संसार छोड़ दिया।

# संवेदनशील जगहों पर पहुंची फोर्स, बेवजह टहल रहे लोगों को मिली फटकार



तौफीक खान

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-बबुरी- पुलिस अधीक्षक चन्दौली अंकुर अग्रवाल के निर्देशन पर आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एसओ बबुरी अतुल कुमार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी कस्बा सत्यनारायण शुक्ला, उप निरीक्षक अवधेश सिंह,मूलचंद दुबे समेत समस्त उप निरीक्षको द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है।पुलिस सोशल मीडिया से लगायत संवेदनशील जगहों पर नजर रखे हुए है।पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्ह बबुरी अतुल कुमार ने फोर्स के साथ बबुरी थाना क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग की। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की गुजारिश की गई।बेवजह तफरीह कर रहे लोगों को थाना प्रभारी ने डांट पिलाई।

# 33करोड़ गोबर के दीयों से मनाई जाएगी राष्ट्रीय कामधेनु दीवाली, गणेश-लक्ष्मी भी होंगे गोबर से निर्मित -अंकित शुक्ला

राजेश यादव

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- आंवला/विश्व में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि गाय के गोबर से निर्मित दीपों से सैनिकों के बॉर्डर व कई राज्य को सजा कर दीवाली राष्ट्रीय कामधेनु के नाम मनाई जाएगी अंकित शुक्ला का सपना हैं कि दीवाली पर दीपों का अभियान चलाकर निशुल्क बाटें जाए दीप अंकित शुक्ला ने बताया दीवाली पर दीपों पर अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि गायों से जुड़े उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में निशुल्क दीपों को बांटने के लिए प्रोत्साहन देने का कार्य किया जाए लगातार जनपदों में जाकर गाय के गोबर से निर्मित दीपों की जानकारी देंगे और लोगों से अपील करेंगे कि हर घर गोबर से निर्मित दीप जलाए जाएं इससे देश के गौपालकों के जीवन में भारी परिवर्तन लाया जा सकता है अंकित शुक्ला ने कहा कि गाय हमारे




किसानों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है बदले समय में बैलों की उपयोगिता कम हो जाने के कारण किसानों को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन अगर गौ-उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें उपयोग में लाया जाए तो इससे न सिर्फ वातावरण शुद्ध होगा, बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोतरी की जा सकेगी। वर्तमान दीवाली का प्रस्ताव इसी योजना को ध्यान में रखकर बनाया गया है दीवाली के लिए गोबर आधारित दीये, मोमबत्तियां, धूप, अगरबत्तियां, शुभ-लाभ, स्वास्तिक, समरानी, हार्ड बॉर्ड, वाल पीस, पेपर वेट, हवन सामग्री, भगवान गणेश एवं लक्ष्मी की प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या में तीन लाख दीये प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी प्रकार काशी में भी एक लाख दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा अंकित शुक्ला कि अध्यक्षता में इस पहल का शुभारंभ किया गया इस मौके पर मनोज शुक्ला देवेंद्र तिवारी पप्पू अजय अशवनी कुंवर राज सिंह अभिषेक शुक्ला पंकज रितेश मोहित आरती अलका बेबी गुड्डी रेखा मौजूद

# कड़ी सुरक्षाओं के बीच सकुशल संपन्न हुई पीईटी की परीक्षा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा-आज रविवार को जनपद में आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी) कड़ी सुरक्षाओं के बीच सकुशल संपन्न हुई। इस परीक्षा में जनपद में कुल 38880 परीक्षार्थियों को देनी थी परीक्षा, जिसमें 15 अक्टूबर, दिन शनिवार को प्रथम पाली में 7584 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 2136 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, तथा द्वितीय पाली में 7740 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो वहीं 1980 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके साथ ही 16 अक्टूबर, दिन रविवार को प्रथम पाली में 7700 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 2020 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, तथा द्वितीय पाली में 7780 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जनपद में कुल 20



परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी। यह परीक्षा चार पालियों में संपन्न हुई। इसके साथ ही जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में चल रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान सभी कॉलेजों में सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली।

# कांग्रेस नेता ने शासन प्रशासन पर जन समस्याओं की अनदेखी करने का लगाया आरोप

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा- कर्नलगंज- क्षेत्र में बाढ़ की समस्या को लेकर कांग्रेस नेता त्रिलोकी नाथ तिवारी ने शासन प्रशासन पर जन समस्याओं की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है। श्री तिवारी ने कहा कि हजारों एकड़ फसल चौपट हो गई है, पूरा क्षेत्र जलमग्न होता जा रहा है। लेकिन जनता को गांव से निकलने के लिये प्रशासन नाव की भी व्यवस्था नहीं करा सका है। जिससे चारों तरफ पानी से घिरे गांव के लोगों का निकलना मुश्किल है। बाढ़ के पानी ने अन्न दाता कहे जाने वाले किसानों को लाचार बना दिया है। यदि किसानों





को फ़सल नुकसान का मुआवजा नहीं मिला तो वह भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बंधे का धंधा करके करोड़ों रुपए का वारा न्यारा किया जा रहा है। बाढ़ पीड़ितों को सुविधा के नाम पर कुछ भी नही दिया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों को सारी सुविधाएं मुहैया कराने का सिर्फ दावा किया जा रहा है।जिसकी हकीकत तो गांवो में जाकर देखी जा सकती है।

# खेत मे चर रही विपक्षी की गाय हांकने गयी महिला को मारा पीटा

## जान से मारने की धमकी का भी आरोप, मुकदमा दर्ज

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा- कर्नलगंज/परसपुर-थाना क्षेत्र परसपुर के अन्तर्गत एक गाँव की निवासिनी पीड़ित महिला की शिकायत पर एक व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परसपुर क्षेत्र के ग्राम पसका के मजरा इकनिया मांझा पोटहन पुरवा निवासिनी पीड़िता नीलम यादव पुत्री लौटन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाते हुए कहा है

कि उसके खेत मे चर रही विपक्षी की गाय को वह हाँकने के लिए जा रही थी कि तभी रास्ते मे विपक्षी पीड़िता से गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारने लगे। हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोगों ने पहुंचकर बीच बचाव कराया। जाते समय विपक्षी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गाँव के ही केशवराम यादव पुत्र भगौती यादव के विरुद्ध मारपीट की धारा 323/504/506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता के तहरीर के आधार पर पसका इकनिया मांझा पोटहन पुरवा निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जाँच उपनिरीक्षक दिनेश रॉय को सौंपी गयी है।

# धनीपुर वार्ड नंबर 36 प्रत्येक क्षेत्र में कूड़ेदान की नगर निगम द्वारा अतिशीघ्र व्यवस्था की जाए- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि डालचंद नगला सरोज नगर प्रेम नगर आदि क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा हर चौराहे पर गली के एंड पर कूड़े डालने का इंतजाम किया जाए कूड़ेदान रखे जाएं जिससे क्षेत्रीय जनता कूड़े को डाल सके धनीपुर क्षेत्र में हर चौराहे पर कूड़ेदान होने चाहिए जिससे गंदगी को रोका जा सके कूड़ा फेंक देते हैं क्योंकि नगर निगम ने कूड़ेदान लगवाने का कार्य नहीं किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि नगर निगम द्वारा क्षेत्र में सफाई रखने के उद्देश्य कूड़ेदान जगह जगह रखनी चाहिए जिसे कूड़े को उसने डाला जा सके यहां की जनता की मजबूरी है कूड़े को कहां पर फेंके इसलिए सफाई व्यवस्था चौपट हो रही है सफाई कर्मचारियों को लगाया जाए जिससे कि नालियों की सफाई कराई जा सके वार्ड नंबर 36 में हर जगह कूड़ेदान लगाई जाए हर जगह सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हो बहन बेटियों को कूड़ा डालने के लिए फोन लंबा एरिया तय करना पड़ता है इसलिए नगर निगम के द्वारा कूड़ेदान ओं की हर जगह व्यवस्था की जाए 50 50 मीटर पर कूड़ेदान की व्यवस्था की जाए उत्तर प्रदेश सरकार ने हर दिवस था क्षेत्र की जनता को प्रदेश की जनता को जिले की जनता को दी है लेकिन व्यवस्था जनता तक पहुंचने चाहिए नगर निगम के अधिकारियों को चेतावनी जाते हुए कहां है कि अति शीघ्र कूड़ेदान की व्यवस्था की जाए सफाई कर्मचारियों के वार्ड नंबर 36 मैं हर जगह सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जाए जिससे कि हर परिवार को कूड़ेदान में कोई दिक्कत ना हो सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो

# विलौठी में दवंगो ने ने रंजिशन युवक को मारपीट कर किया घायल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




अलीगढ़-अकराबाद- थाना क्षेत्र के गांव विलौठी में शनिवार की रात गांव के ही दवंगो ने पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट कर दी।जिससे युवक लहुलुहान हो गया। बलवीर पुत्र महीपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया है। शनिवार की रात वह अपने घर की छत पर परिजनों के साथ बैठा था। तभी पडोस के ही लोगों ने वहां बैठने पर एतराज जताते हुये गाली गलौज कर दी जब उसने इस बात का विरोध किया तो दवंगो ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित ने पुलिस ने घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया है।

# नगर खुटार की बालिका बनी आईवा मिस इंडिया



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर के तिकुनियां चौराहा निवासी किसान अमरीक सिंह की बेटी रंजीत कौर उर्फ आर बी ने मुंबई की इनोवेटिव आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ( आइवा ) एवं अमर सिने प्रोडक्शन की ओर से 24 सितंबर को मुंबई में कैंसर जागरूकता को लेकर मिस एंड मिसेज इंडिया 2022 प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लिया था जिसमें मिस इंडिया का खिताब रंजीत कौर उर्फ आर बी ने जीत लिया, रविवार को आईवा मिस इंडिया का खिताब जीतने के बाद प्रथम बार नगर आगमन पर आरबी का खालसा फेडरेशन के गुरसेवक सिंह गोल्डी, बलविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, अवनीश मिश्रा,

विपिन गुप्ता, अनमोल सिंह, संतोष सिंह आदि ने पुष्प वर्षा कर व गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और बधाई दी, आर बी की इस कामयाबी पर उनकी मां गुरमीत कौर भाई हरविंदर सिंह उर्फ काके व नगर के लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

# गोलियों के तड़तड़ाहट से थर्राया क्षेत्र पुलिस मुठभेड़ में 307 गैंग के दो बदमाश घायल

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी।-अल सुबह ही सिगरा पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल किया।बता दे कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लहरतारा के पीछे रविवार की तड़के पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों का ताल्लुक 307 गैंग से है। तीन दिनों पूर्व सिगरा के जयप्रकाश नगर में बुजुर्ग की हत्या में शामिल रहे हैं। घायल बदमाशों का इलाज कराया जा रहा है। सीपी ए सतीश गणेश ने मौके का जायजा लिया। उन्होंने घटना में शामिल अन्य आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की बात कही।सीपी ने बताया कि जयप्रकाश नगर की घटना में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम लगातार दबिश दे रही है। इसी दौरान लहरतारा में बदमाशों से सिगरा पुलिस व क्राइम ब्रांच का सामना हुआ। पुलिस ने उन्हें सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल हो गए।

उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उन्होंने बताया कि घायल बदमाशों की पहचान राहुल व पवन के रूप में हुई है। दोनों सिगरा इलाके के जयप्रकाश नगर कालोनी के आसपास के रहने वाले हैं। बुजुर्ग हत्याकांड में 17 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। इसमें आठ को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी व अन्य विधिक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

# एस0आर0एम0एस0 मेडिकल कॉलेज बरेली में कार्यशाला का हुआ आयोजन

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- बरेली के भोजीपुरा में स्थित श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन हुआ,जिसमे अमेरिका,जर्मन सहित पंजाब के चंडीगढ़ व अन्य स्थानों से कई योग्य चिकित्सकों ने भाग लिया कई जगहों से पहुंचे चिकित्सकों को गंभीर बीमारी के दौरान रोगी को जल्द स्वस्थ करने के लिए सुझाव दिए गए, जहां नगर खुटार के प्रसिद्ध चिकित्सक सूर्या हॉस्पिटल के डॉ0 प्रदीप कुमार शुक्ला भी उपस्थित रहे, डॉ0 प्रदीप ने बताया कि कार्यशाला के दौरान एक्यूड किडनी फेलियर, एक्यूड लिवर फैलियर व हार्ड डीजिज संबंधित रोगों से रोगी को जल्द निदान दिलाने के लिए बेहतर टिप्स दिए गए योग्य चिकित्सकों द्वारा डॉ0 प्रदीप कुमार शुक्ला सहित कई अन्य चिकित्सकों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# उप निरीक्षक रंजना ने कहा सेल्फ डिफेंस है महिलाओं के सुरक्षित जीवन की प्रथम सीढ़ी

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-उप निरीक्षक रंजना उपाध्याय ने छात्राओं को महिला सुरक्षा व सशक्तिकण की दिशा में महिलाओं व बालिकाओं के लिये मिशन शक्ति अभियान के तहत भारतीय दण्ड संहिता में आत्मरक्षा का अधिकार से सम्बंधित जागरूक होने व भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि लड़कियों और महिलाओं को अपने जीवन प्रगति और उन्नति के लिए शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है।वर्तमान में अगर हमारी बेटियां महिलाएं आत्मरक्षा की कला में निपुण होती हैं तो यह उनके सुरक्षित जीवन की ना केवल शुरुआत है बल्कि एक संपूर्ण सामाजिक जीवन का सुदृढ आधार होगा।शिक्षा,स्वास्थ्य और सुरक्षा को पाने के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है,संकल्प,संयम और साहस।महिलाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति ,आत्म संयम और उसके साहस को आंतरिक बल तब मिलता है,जब वह बालिका अपने आप को भौतिक रूप से शारीरिक रूप से समर्थ महसूस करें और इस दिशा में अत्यंत ही प्रभावशाली है सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाना व महिलाओं को आत्मरक्षा में निपुण होने की कला का ज्ञान होना। यह भी सत्य है कि महिलाओं के लिए हर सामाजिक समस्या एवं उनके मानवीय/ नैसर्गिक अधिकारों की सुरक्षा लिए कानून बन चुके हैं फिर भी पारंपरिक सामाजिक विचारधारा को बेटियों के अंदर विकसित और मजबूत हुई आत्म सुरक्षा का ज्ञान ही तोड़ने मे सहायक है।शारीरिक मानसिक और भावनात्मक संतुलन को बनाए रखने में आत्म सुरक्षा की भावना किहम हमारी सुरक्षा के लिए स्वयं सक्षम और समर्थ हैं और अपने अपनों को भी सुरक्षित रख सकते हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर दूसरों की भी सहायता कर सकते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com